# $6^{th}$JPSC Mains - Model Paper–2

## प्रश्न पत्र - IV

## भारतीय संविधान और राजव्यवस्था, लोक प्रशासन एवं सुशासन

समय: 3 घंटे पूर्णांक: 200

## भारतीय संविधान और राजव्यवस्था, लोक प्रशासन एवं सुशासन

**परीक्षार्थियों को प्रत्येक खंड से एक अनिवार्य तथा दो वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर (कुल 6 प्रश्नों के उत्तर) देने हैं। प्रत्येक खंड के अनिवार्य प्रश्न में 10 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न दो अंक का है।**

### खंड (अ)

**भारतीय संविधान और राजव्यवस्था : 100 अंक**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन करें: अंक : 20 (10 × 2)**

(i) भारतीय संविधान की 'प्रस्तावना' में अब तक कितनी बार संशोधन किया जा चुका है?

(a) एक बार (b) दो बार

(c) तीन बार (d) चार बार

(ii) किसे 'राज्य प्राधिकारियों के लिये नैतिक आवश्यकता' के रूप में संबोधित किया गया है?

(a) नीति निदेशक तत्त्वों को

(b) मूल अधिकारों को

(c) मूल कर्त्तव्यों को

(d) प्रस्तावना को

(iii) संसदीय कार्यपालिका से तात्पर्य है:

(a) जहाँ संसद हो वहाँ कार्यपालिका का होना।

(b) संसद द्वारा निर्वाचित कार्यपालिका।

(c) जहाँ संसद कार्यपालिका के रूप में काम करती है।

(d) ऐसी कार्यपालिका जो संसद के बहुमत के समर्थन पर निर्भर हो।

(iv) एक विधेयक जो संसद में प्रस्तुत किया जाता है, कौन-सी क्रिया के बाद अधिनियम बन जाता है?

(a) जब वह संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित हो जाता है।

(b) जब राष्ट्रपति अपनी सहमति दे देता है।

(c) जब प्रधानमंत्री इस पर हस्ताक्षर कर देता है।

(d) जब सर्वोच्च न्यायालय इसे केंद्रीय संसद के अधिकार क्षेत्र में होना घोषित करता है।

(v) भारतीय संविधान में कार्यपालिका से न्यायपालिका का पृथक्करण संबंधी प्रावधान कहाँ उल्लिखित है?

(a) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत में

(b) आठवीं अनुसूची में

(c) संविधान की उद्देशिका में

(d) मूल कर्त्तव्यों में

(vi) लोक लेखा समिति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) इस समिति का गठन भारत सरकार अधिनियम, 1919 के तहत किया गया है।

(b) इस समिति में संसद के दोनों सदनों के सदस्य शामिल होते हैं।

(c) कोई कैबिनेट मंत्री इस समिति का सदस्य नहीं हो सकता है।

(d) समिति के सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है।

(vii) कौन-सी समिति संसद के सदन की समय-सारणी और कार्यक्रम को नियंत्रित करती है?

(a) सार्वजनिक उद्यम समिति

(b) नियम समिति

(c) कार्य सलाहकार समिति

(d) सामान्य प्रयोजन समिति

(viii) राज्यस्तरीय दलों की मान्यता के लिये अनिवार्य दशाओं के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?

(a) यदि राज्य में लोकसभा अथवा विधानसभा चुनाव में कुल वैध मतों का 10 प्रतिशत प्राप्त कर लेता है।

(b) यदि उस दल ने राज्य की विधानसभा के कुल स्थानों का तीन प्रतिशत या तीन सीटें, जो भी ज़्यादा हो, प्राप्त किये हों।

(c) यदि राज्य के लोकसभा चुनाव में कुल वैध मतों का 6 प्रतिशत तथा इसके अतिरिक्त संबंधित राज्य में लोकसभा की कम-से-कम 1 सीट जीती हो।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(ix) उच्चतम न्यायालय के संदर्भ में कौन-सा कथन असत्य है?

(a) उच्चतम न्यायालय ने ब्रिटेन के प्रिवी काउंसिल का स्थान ग्रहण किया।

(b) यह भारत सरकार अधिनियम, 1955 के तहत लागू संघीय न्यायालय का उत्तराधिकारी था।

(c) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।

(d) संसद की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों को हटाया जा सकता है।

(x) यदि राज्यसभा किसी धन विधेयक में सारभूत संशोधन करती है तो उसके बाद क्या होगा?

(a) राष्ट्रपति विधेयक को पारित करने के लिये संयुक्त बैठक आहूत कर सकता है।

(b) लोकसभा विधेयक को पुनर्विचार के लिये राज्यसभा को लौटा सकती है।

(c) लोकसभा, राज्यसभा की अनुशंसाओं को स्वीकार करे या अस्वीकार करे, इस विधेयक पर आगे कार्यवाही कर सकती है।

(d) लोकसभा विधेयक पर आगे कोई विचार नहीं कर सकती।

**2.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें। (20 अंक)

(b) भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में राज्यसभा की प्रासंगिकता पर विवेचना करें। (20 अंक)

**3.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) भारतीय संविधान द्वारा भारतीयों को प्रदत्त मौलिक अधिकारों का वर्णन करें। (20 अंक)

(b) भारतीय संघात्मक व्यवस्था में केंद्र तथा राज्यों के बीच प्रशासनिक, विधायी और वित्तीय शक्तियों के विभाजन का विश्लेषण कीजिये। (20 अंक)

**4.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में विभिन्न दबाव समूहों की पहचान करें तथा राजनीति में उनकी भूमिका का परीक्षण कीजिये। (20 अंक)

(b) सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में मुख्य मुद्दे क्या हैं? भारत सरकार तथा सर्वोच्च न्यायालय के संदर्भ में इसका परीक्षण करें। (20 अंक)

**5.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यों तथा शक्तियों का मूल्यांकन करें। (20 अंक)

(b) जनजातीय क्षेत्रों में प्रशासन से संबंधित प्रमुख प्रावधानों की चर्चा करें। (20 अंक)

## खंड - (ब)

**लोक प्रशासन एवं सुशासन** **100 अंक**

**6. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन करें:** **अंक : 20 (10 × 2)**

(i) "प्रशासन लक्ष्य की प्राप्ति के लिये मनुष्य तथा सामग्री दोनों का संगठन है" यह कथन किस विद्वान द्वारा दिया गया है?

(a) साइमन (b) मार्क्स
(c) निग्रो (d) व्हाइट

(ii) राज्य प्रशासन का संवैधानिक प्रमुख कौन होता है?

(a) मुख्य सचिव (b) मुख्यमंत्री
(c) राज्यपाल (d) राष्ट्रपति

(iii) संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्यों में लोक सेवा आयोग का प्रावधान करता है?

(a) अनुच्छेद-315 (b) अनुच्छेद-325
(c) अनुच्छेद-343 (d) अनुच्छेद-395

(iv) केंद्रीय स्तर पर आपदा प्रबंधन के लिये उत्तरदायी निर्णय लेते हैं-

(a) राष्ट्रपति (b) कैबिनेट सचिव
(c) प्रधानमंत्री (d) गृह मंत्री

(v) डेनमार्क में ओम्बुड्समैन पद्धति को कब अपनाया गया?

(a) 1953 (b) 1954
(c) 1956 (d) 1960

(vi) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में कुल कितने सदस्य होते हैं?

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

(vii) ब्लॉक स्तर पर आपदा प्रबंधन क्रियाकलाप के लिये कौन उत्तरदायी है?

(a) प्रखंड विकास पदाधिकारी
(b) मुखिया
(c) एस.डी.ओ.
(d) सरपंच

(viii) 'ब्यूरोक्रेसी' शब्द की व्युत्पत्ति किस देश में हुई?

(a) जापान में (b) जर्मनी में
(c) इंग्लैंड में (d) फ्राँस में

(ix) संविधान का कौन-सा अनुच्छेद वित्त आयोग के गठन का प्रावधान करता है?

(a) अनुच्छेद-280 (b) अनुच्छेद-270
(c) अनुच्छेद-315 (d) अनुच्छेद-370

(x) लोकसेवकों की भर्ती के संबंध में यह कथन किस विद्वान का है- "प्रतियोगिता परीक्षाओं, रिक्त स्थानों एवं पदों के लिये व्यक्तियों को आकर्षित करने को ही भर्ती कहते हैं।"

(a) एल.डी. व्हाइट (b) किंग्सले
(c) मार्शल ई. डिमॉक (d) हिगेल

**7.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) ज़िला प्रशासन में ज़िला कलेक्टर की परिवर्तित होती भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये। (20 अंक)

(b) आपदा न्यूनीकरण के अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक उपायों की चर्चा करें। (20 अंक)

**8.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) सुशासन से क्या आशय है? सुशासन की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालें। (20 अंक)

(b) शिक्षा का अधिकार अधिनियम पर एक नोट लिखें। (20 अंक)

**9.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) लोक प्रशासन क्या है? वर्तमान में इस विषय के विभिन्न आयामों और महत्त्व की विवेचना कीजिये। (20 अंक)

(b) विकासात्मक प्रशासन के विभिन्न आयामों का उल्लेख कीजिये। (20 अंक)

**10.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) संघीय शासन व्यवस्था में वित्त आयोग की भूमिका का वर्णन करें। (20 अंक)

(b) ज़िला प्रशासन के न्यायपालिका के पृथक्करण का ज़िला प्रशासन पर पड़ने वालों प्रभावों का परीक्षण करें। (20 अंक)